हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026



# जनगणना का पहला चरण समाप्त, जिले में मिले 2.99 लाख भवन, अगले साल दूसरा चरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत घर सूचीकरण और आवास जनगणना का काम जिले में पूरा हो गया है। विगत एक मई से शुरू हुए इस चरण के तहत जिलेभर में 1608 प्रगणक ने घर-घर दस्तक देकर 31 तरह की जानकारी जुटाई। जिले में कुल 2.99 लाख भवन मिले हैं। इनमें घरेलू, व्यावसायिक के साथ ही सरकारी भवन की संख्या भी शामिल है। पहले चरण के पूरा होने के बाद अब अगले साल जनगणना के तहत दूसरे चरण का काम किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार के निर्देश पर जिले में भी जनगणना के पहले चरण के तहत भवन से जुड़ी जानकारी जुटाई गई। पहली बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल तरीके से की जा रही है। यही कारण है कि लोगों से जुटाए गई जानकारियों को भी सीधे पोर्टल पर दर्ज किया गया। लोगों से जानकारी लेने के बाद प्रगणकों को मैपिंग करने कहा गया था। जिले में मैपिंग का काम भी 90 फीसदी तक हो गया है। बताया गया कि आगामी मंगलवार से बुधवार तक मैपिंग का कार्य भी शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। नागरिकों को 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-पंजीकरण का विकल्प दिया गया था। इस अवधि के दौरान पांच हजार परिवारों ने स्व-पंजीकरण पूरा किया। स्व-पंजीकरण पूरा कर चुके परिवारों को फील्ड विजिट के दौरान सत्यापन हेतु अपना 11 अंकों का स्व-पंजीकरण पहचान क्रमांक स्व-पंजीकरण संख्या जनगणना अधिकारी को प्रदान करने को कहा गया था।

## भवन की जानकारी जुटाने के बाद अब मैपिंग में जुटे प्रगणक, सीधे पोर्टल में दर्ज किए आंकड़े

### सात सौ बंद मिले थे घर पड़ोसियों से ली जानकारी

घर-घर दस्तक देने के दौरान जिलेभर में करीबन सात सौ बंद घर मिले थे, जहां प्रगणक के दो से तीन बार दस्तक देने के बाद भी जानकारी नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में विकल्प के तहत प्रगणकों ने उन मकान के पड़ोसियों से जानकारी हासिल कर पोर्टल में दर्ज कर ली है। जिसके चलते अंतिम अवधि तक जिले में कोई भी बंद घर शेष नहीं रहा।



### 33 प्रश्नों के लिए उत्तर

अधिकारियों ने बताया कि फील्ड सर्वे के दौरान सर्वेक्षक घरों, सुविधाओं और घरेलू संपत्तियों से संबंधित लगभग 33 प्रश्नों के उत्तर एकत्र कर दिया। त्रुटियों को कम करने और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा संग्रह को सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रक्रिया मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल रूप से संचालित की गई।

### सरकारी भवन का भी डेटा

बताया गया कि जनगणना के पहले चरण के तहत केवल घरेलू भवनों की जानकारी नहीं ली गई, बल्कि इस दौरान सरकारी भवन, सामुदायिक भवन के साथ ही व्यावसायिक भवनों का भी डेटा दर्ज किया गया है। हालांकि सरकारी भवन की एंट्री के बाद उसमें 33 सवालों के जवाब नहीं लेना था। केवल घरेलू भवन होने पर ही 33 सवालों की एंट्री की जा रही थी। जिले में कुल 2.99 लाख भवन मिले हैं।

## खबर संक्षेप

### पुत्र की मौत की खबर सुनकर पिता ने तोड़ा दम

**राजनांदगांव।** शहर के चौखड़ियापारा से एक



हृदयविदारक घटना सामने आई है। चौखड़ियापारा निवासी मांगीलाल शर्मा उम्र लगभग 80 वर्ष एवं उनके पुत्र चंद्रप्रकाश शर्मा "चंदू" 45 वर्ष का शुक्रवार रात निधन हो गया। जानकारी के अनुसार चंद्रप्रकाश शर्मा का निधन शुक्रवार को हुआ। पुत्र की मौत की खबर सुनते ही पिता मांगीलाल शर्मा को गहरा सदमा लगा और कुछ ही समय बाद उन्होंने भी अंतिम सांस ली। पिता-पुत्र के एक साथ निधन की खबर से पूरे वार्ड और परिचितों में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलते ही उनके निवास स्थान पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों के अनुसार दोनों की अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9.30 बजे निवास स्थान चौखड़ियापारा से निकाली गई। ज्ञात हो कि स्व. शर्मा दालसीरा की दुकान का संचालन गौशालापारा में करते थे। ये इसी नाम से जाने-पहचाने जाते थे।

## स्वास्थ्य सिस्टम पर ही उठे सवाल, लोगों की सेहत से बड़ा खिलवाड़

# जिस किट से गलत रिपोर्ट आई उसकी लोकल खरीदी, गुणवत्ता नजर अंदाज!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि लगातार

सोमनी के पास एक गांव के जिस नाबालिग बालिका की जांच रिपोर्ट गलत आई थी। इस मामले में अब नई जानकारी निकलकर सामने आई है। बताया गया कि स्वास्थ्य महकमे ने जिस कीट से यह जांच की थी, उसकी खरीदी किसी प्रतिष्ठित कंपनी से करने के बजाए सीधे स्थानीय स्तर पर कर ली गई थी। वहीं इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के लापरवाह रवैया को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले राजनांदगांव के सोमनी क्षेत्र से स्वास्थ्य व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक बेहद गंभीर लापरवाही सामने आई है। सोमनी के पास एक गांव की एक चौदह वर्षीय नाबालिग बच्ची पिछले एक साल से मासिक धर्म की समस्या से परेशान थी। इसी परेशानी के चलते परिजनों ने सोमनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बच्ची के खून की जांच कराई थी। जांच के दौरान वहां के डॉक्टरों ने बच्ची का यूरिन टेस्ट भी किया और उसे दो महीने की गर्भवती बता दिया। इस हैरान और परेशान करने वाली रिपोर्ट के बाद जब परिजनों ने महज चौबीस घंटे के भीतर जिला अस्पताल में दोबारा जांच कराई तो वहां रिपोर्ट निगेटिव आई। स्वास्थ्य केंद्र की इस बड़ी लापरवाही ने न केवल एक मासूम बच्ची और उसके परिवार को गहरे मानसिक सदमे में डाल दिया, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जबकि स्वास्थ्य विभाग में लोकल स्तर पर घटिया किट की खरीदी और उससे आ रही गलत रिपोर्ट सीधा मरीजों की जान से खिलवाड़ है।

### खास बातें

- खरीदे गए कीट पर भी उठे सवाल
- मामले के सामने आने के बाद विभाग में मचा हड़कंप
- दो जांच में अलग अलग रिपोर्ट



### गुणवत्ता को लेकर उठे सवाल

इस पूरे मामले के पीछे अब एक बड़ा खुलासा हुआ है कि जिस किट से स्वास्थ्य केंद्र में जांच की गई थी, वह स्थानीय स्तर पर ही खरीदी गई थी। स्थानीय स्तर पर मनमुताबिक की गई इस खरीदी में किट की गुणवत्ता को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया। जिसके कारण इतनी बड़ी गलत रिपोर्ट सामने आई। अब यह शिकायतें भी आम हो रही है कि स्वास्थ्य महकमे में अधिकांश जांच किट और जरूरी सामानों की खरीदी इसी तरह लोकल स्तर पर की जा रही है।

### लगातार सामने आ रही शिकायतें

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सरकारी अस्पताल ही इलाज का एकमात्र सहारा होते हैं और प्रदेश सरकार भी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के दावे करती रहती है, लेकिन जिले में स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहा है, जहां चंद पैसों के भ्रष्टाचार और घटिया किट की खरीदी के कारण सीधे मरीजों की जान और उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इससे पहले भी सोमनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को लेकर लापरवाही की शिकायतें सामने आई थी।

### सप्लाई के लिए कोई मापदंड नहीं

घुमका स्वास्थ्य महकमे में दवा और किट की सप्लाई को लेकर व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायतें सामने आ रही है। बिना किसी कोटेशन और निविदा के ही चेहते फर्म को काम दिया जा रहा है। बताया जाता है कि फरवरी माह में राजनांदगांव की एक फर्म से एक हजार किट की खरीदी की गई थी। औषधी नियंत्रण विभाग से जांच कराए बगैर ही इसे ब्लाक के अधीन आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में भेज दिया गया।

# दोपहर को तिखी धूप, देर शाम जिले में चली आंधी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नौतपा के दौरान जारी भीषण गर्मी से शनिवार को काफी राहत मिली। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के असर से अंचल में मौसम बदला हुआ नजर आया। शनिवार सुबह के साथ ही देर शाम भी अंचल में बारिश देखने को मिली। जिसके चलते जिले का अधिकतम तापमान में लगभग चार डिग्री की गिरावट देखने को मिली। वहीं आने वाले दिनों में भी तापमान में कमी आने के आसार जताए गए हैं।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से अंदरूनी उड़ीसा तक राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 1.5 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसका प्रभाव है कि अंचल में मौसम में बदलाव देखने को मिला।

### बारिश का येलो अलर्ट

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में कल 31 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है। वहीं शनिवार को भी बारिश को लेकर अंचल के लिए दो बार येलो अलर्ट जारी किया गया था।

### तापमान पहुंचे 42 पर

ज्ञात हो शुक्रवार को अंचल का अधिकतम तापमान 46 डिग्री पर था, जो प्रदेश में सर्वाधिक भी था, लेकिन महज 24 घंटे के भीतर इसमें लगभग चार डिग्री की गिरावट देखने को मिली। जिसके चलते शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के करीब रहा। अगले दो दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट की संभावना जताई गई है।

# शराब पीने पैसे मांगने पर मारपीट आरोपी सहित नाबालिग पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शराब भट्ठी के पास शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी सहित दो विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी धनलाल साहू निवासी ग्राम किरगी (ब) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 29 मई की रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम रेवाडीह स्थित पुराने शराब भट्टी के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा उससे शराब पीने के लिए पैसों की मांग की गई। प्रार्थी द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर आरोपियों ने अश्लील गाली-गलौज करते उसके साथ मारपीट की। जिससे उसे सिर, नाक एवं हाथ में चोंटे आई। रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी एवं दोनों विधि से संघर्षरत बालकों को विधिवत पूछताछ एवं पहचान उपरांत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### तीन पकड़े गए

पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथनों, पहचान तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मिथलेश ओटी 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 21 रेवाडीह तथा दो अन्य विधि से संघर्षरत बालकों की संलिप्तता प्रमाणित पाई गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश कर उन्हें अभिरक्षा में लिया गया तथा घटना में प्रयुक्त 1 नग स्टील का कड़ा बरामद कर जब्त किया गया। प्रकरण में विधि से संघर्षरत बालकों की संलिप्तता पाए जाने पर किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

## चुनावी प्रचार का दौर समाप्त, 1 जून को होंगे मतदान

# अंतिम दिन भाजपा-कांग्रेस ने दिखाई ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत सहित त्रि-स्तरीय पंचायत के उपचुनाव को लेकर जारी प्रचार के शोरगुल की अवधि अब समाप्त हो गई है। शनिवार देर शाम तक चले धुंआधार प्रचार में अंतिम दिन भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों ने अपनी ताकत दिखाई। भाजपा से जहां डिप्टी सीएम अरूण साव की सभा का आयोजन किया गया। वहीं कांग्रेस ने अध्यक्ष सहित पार्षद प्रत्याशियों की उपस्थिति में एक रैली निकाली।

इधर अब चुनावी शोरगुल समाप्त होने के बाद आज दिनभर प्रत्याशियों के पास डोर-टू-डोर संपर्क का मौका होगा। महज तीन हजार मतदाताओं वाले इस नगर पंचायत में दिनभर जनसंपर्क के जरिये भी काफी हद तक प्रचार किया जा सकता है। यही कारण है कि आज भी दोनों दलों के प्रत्याशी फिल्ड पर जनसंपर्क करते नजर आएंगे। ज्ञात हो कि नगर पंचायत का पहला चुनाव होने के चलते दोनों दलों ने यहां प्रचार में अपने कई वरिष्ठ नेताओं को उतारा है, जहां भाजपा से डिप्टी सीएम अरूण साव, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, सांसद संतोष पांडे, विधायक भावना बोहरा, विधायक अनुज शर्मा सहित अन्य नेता प्रचार के लिए पहुंचे थे। वहीं कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल सहित अन्य ने मोर्चा संभाले रखा।



### कांग्रेस-भाजपा की टीम ने संभाला मोर्चा

ज्ञात हो कि 10 मई को चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा और कांग्रेस अलर्ट मोड पर आ गई थी, जहां भाजपा से महापौर मधुसूदन यादव को संचालक बनाया गया था। वहीं कांग्रेस के लिए जिला अध्यक्ष विपिन यादव ने मोर्चा संभाले रखा। दोनों ही नेताओं ने अपने दलों के लिए प्रचार की रणनीति तैयार करने के साथ ही प्रत्याशी चयन में भी अहम भूमिका निभाई।

### डबल इंजन सरकार करेगी विकास-साव

घुमका में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे डिप्टी सीएम अरूण साव ने कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश में सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास हो रहा है। ऐसे ही घुमका में भाजपा का नपं अध्यक्ष बनने के बाद यहां भी तेजी से विकास कार्य होंगे। वहीं उन्होंने कांग्रेस की नपं अध्यक्ष प्रत्याशी फूलमती वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहां कि उन्होंने पांच साल के सरपंच कार्यकाल में जमकर लूट मचाई। अब उसी लूट के पैसों से चुनाव लड़ रही है। श्री साव ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर भी जमकर आरोप लगाए।

# सोमनी थानेदार सहित महिला आरक्षक सस्पेंड

- ईरा की नाबालिग बच्ची के साथ प्रताड़ना मामले में हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी पुलिस थाना में नाबालिग बालिका एवं उसके परिजनों को रात में संवेदना कक्ष में रखने एवं अभद्र व्यवहार करने के मामले में आक्रोश को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने तत्काल प्रभाव से निरीक्षक एवं महिला प्रधान आरक्षक को एक आदेश जारी कर निलंबित कर दिया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि 25 मई को थाना सोमनी में नाबालिग बालिका को उसके परिवार के साथ रात में संवेदना कक्ष में रखा गया तथा महिला प्रधान आरक्षक राजश्री सिंह द्वारा नाबालिग बालिका के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। इस असंवेदनशील एवं लापरवाही के कारण निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव तत्कालिक थाना प्रभारी सोमनी हाल रक्षित केन्द्र एवं महिला प्रधान आरक्षक राजश्री सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

महिला प्रधान आरक्षक को रक्षित केन्द्र संबंध करते निर्देशित किया गया है कि निरीक्षक अरूण नामदेव एवं महिला प्रधान आरक्षक राजश्री सिंह निलंबन अवधि में बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।









## खबर संक्षेप



### प्रचार करने घुमका पहुंचे भाजपाई

**डोंगरगांव।** मंडल भाजपा के अध्यक्ष दीना पटेल, नपं के पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी, पार्षद लीला मंडलोई, पुरुषोत्तम साहू, प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मी नारायण सेन ने घुमका पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी किरण वर्मा के साथ वार्ड 11, 13, 6, 5 में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। उन्होंने नगर विकास के लिए अध्यक्ष सहित 15 पार्षदों को विजय बनाने की अपील की।

### स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मारपीट



**चिचोला।** रंगीटोला स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार रात 11 बजे के आसपास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्वास्थ्य स्टाफ के साथ गाली गलौच और चौकीदार के साथ मारपीट किया गया। रात में आए सभी नशे में थे। घटना के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। घटना की सूचना चिचोला थाना को दिया गया है। थाना प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि घटना की शिकायत मिली है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई किया जाएगा।

### पेड़ को संरक्षित करने चबूतरा निर्माण



**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत खुर्शीपार के उप सरपंच भागवत वर्मा ने पुराने वटवृक्ष को संरक्षित करने के लिए पक्के चबूतरे का निर्माण कराया है। गांव का विशाल वृक्ष मौसम की मार और मिट्टी कटाव से कमजोर हो रहा था। कचरा फेंकने और वाहनों की टक्कर से भी पेड़ को नुकसान पहुँच रहा था। उप सरपंच भागवत वर्मा ने इसे गंभीरता से लेते हुए पंचायत के सहयोग, श्रमदान और जनसहयोग से चबूतरे का निर्माण कराया है। अब पेड़ की जड़ें सुरक्षित हो गई हैं। सरपंच लता कोर्राम ने श्री वर्मा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए युवाओं से ऐसे कार्यों में आगे आने की अपील की है।

### छुरिया में संगीत कक्षा संचालित



**छुरिया।** स्थानीय गायत्री मंदिर में संगीत कक्षा का संचालन शुरू किया गया है। यहां तबला, हारमोनियम, बैंजो, आर्गन वादन एवं गायन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संगीत शिक्षक राजा शर्मा इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ है। इस संगीत प्रशिक्षण में तेलीनबांधा, जरहा महका, बड़गांव, भंडारपुर, माथलडबरी, दुर्रेबंजरी, भोलापुर, घोघरे, खोभा, मगरधोखरा,दीवानटोला, मातेखेड़ा, रामपुर, ख़ुटा छुरिया, और छुरिया के प्रशिकक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

### सात साल बाद इंटकवेल निर्माण की शुरुआत

# शिवनाथ नदी में बनेगा इंटकवेल जल समस्या का होगा समाधान

## तीन माह तक निर्माण एजेंसी करेगी संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

सात सालों के इंतजार के बाद शिवनाथ नदी में इंटकवेल निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इंटकवेल निर्माण के साथ नगर की पेयजल समस्या का निराकरण हो जाएगा। नगरवासियो को उपचारित शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शिवनाथ नदी में एनीकट कम काजवे के समीप इंटकवेल का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के बाद निकाय ने खोदाई आरंभ कर दिया। इंटकवेल निर्माण के लिए नदी में कार्य स्थल तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड बनाने में ही निकाय को पखवाडे भर से अधिक का समय लग गया। नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता का पालन करते हुए समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया।



**एक साल में बनेगा इंटकवेल**

इंटकवेल का निर्माण एक करोड 29 लाख की लागत से होगा। इंटकवेल निर्माण के बाद नदी में इसके लिए कनेक्टींग ब्रिज का भी निर्माण होगा। इंटकवेल की गहराई 16 मीटर एवं व्यास 6 मीटर होगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद निर्माण एजेंसी तीन महिने तक संचालन करेगी जिसके बाद निकाय के सुपुर्द किया जाएगा।

**भूमि अधिग्रहण से विलंब**

जिस स्थान में इंटकवेल निर्माण प्रस्तावित था उसमे एक कृषक की 6 डिसमील जमीन आ रही थी। इंटकवेल निर्माण के लिए निजी जमीन का अधिग्रहण किया जाना आवश्यक था। लेकिन अधिग्रहण एवं मुआवजा से जुडे मामले के चलते पुरानी परिषद ने इस कार्य में रूचि नही दिखाई जिसके कारण इंटकवेल निर्माण सात सालों से अटका था। नई परिषद ने पदभार संभालते ही पेयजल समस्या को देखते हुए इस दिशा में कार्य करना प्रारंभ किया। एक वर्ष तक प्रयास के बाद कृषक की जमीन को अधिग्रहण किया गया जिससे निर्माण का रास्ता साफ हुआ।

# निंदा प्रस्ताव का कांग्रेस सदस्यों ने किया समर्थन

- नारी वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा कांग्रेस में एका

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पार्टी लाईन के विरुद्ध जाकर नारी वंदन अधिनियम को लेकर पारित निंदा प्रस्ताव का कांग्रेस के जनपद सदस्यों द्वारा समर्थन किए जाने का खुलासा हुआ है। इस खुलासे के बाद सदस्यों की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाला नारी वंदन अधिनियम लोकसभा में पेश हुआ था। इस बिल के साथ ही परिसीमन बिल प्रस्तुत करने के कारण कांग्रेस सहित अन्य दलों ने इसका विरोध किया था जिसके चलते बिल पारित नहीं हो सका। इस मसले को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष को निशाने पर लेकर जमकर हंगामा भी किया था। इसी कड़ी में भाजपा नेतृत्व वाली निकायों और पंचायती राज संस्थाओं ने बिल का समर्थन करते हुए विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया था।

जानकारी के अनुसार इस मामले को लेकर स्थानीय जनपद पंचायत में भी बैठक आहूत हुई थी जिसमें भाजपा- कांग्रेस के सदस्य शामिल हुए थे।

**निंदा प्रस्ताव का समर्थन**

जानकारी के अनुसार भाजपा द्वारा लाए गए निंदा प्रस्ताव का कांग्रेस के कई जनपद सदस्यों ने पार्टी की किरकिरी कराते हुए समर्थन किया। बताया जाता है कि यह मामला प्रदेश कांग्रेस कमेटी तक पहुंच चुका है। कहा जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व इस मामले में कोई कड़ा और बड़ा निर्णय ले सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पार्टी की सीमा लांघकर दो जिला पंचायत सदस्यों को निष्कासन का प्रस्ताव करने के मामले में पार्टी तत्कालीन ब्लाक अध्यक्ष को पार्टी बाहर का रास्ता दिखा चुकी है।

**कार्रवाई की जाएगी**



जनपद पंचायत के सदस्यों को पार्टी लाईन के मुताबिक चलना चाहिए। उन्होंने प्रस्ताव का समर्थन किया है तो गलत है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी से इस मामले की जानकारी लेने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत कराया जाएगा और उसके निर्देशानुसार जनपद सदस्यों पर कार्रवाई की जाएगी।

**- विपिन यादव,** अध्यक्ष जिला इंका

# लाखों का यात्री प्रतीक्षालय बना गोदाम, भाजपाइयों ने खोला मोर्चा

## प्रबल विरोध के बाद खुला ताला, लोगों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

महीनों से बंद और नगर पंचायत छुईखदान द्वारा लाखों की लागत से बने यात्री प्रतिक्षालय भवन को एक निजी व्यक्ति द्वारा वर्षों से गोदाम के रूप में उपयोग करने का मामला तूल पकड़ लिया है। इस मुद्दे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उग्र प्रदर्शन करते हुए प्रतिक्षालय का ताला खुलवाया।

यह मामला सुर्खियों में आने के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने इसे गंभीरता से लेते हुए भीषण गर्मी में यात्रियों की परेशानी को देखते हुए बाजार लाइन से रैली निकाली और बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतिक्षालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि लाखों की लागत से बने यात्री प्रतिक्षालय को निजी स्वार्थ के चलते एक व्यक्ति को किराये पर दे दिया गया है जो इसे लंबे समय से गोदाम के रूप में उपयोग कर रहा था, जबकि यात्री धूप में बैठने मजबूर है। बाद में भाजपा कार्यकर्ता नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी को जानकारी मिलने पर वह कुछ घंटे बाद नगर पंचायत पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन सौंपा।



**सामग्री जब्त करने के निर्देश**

उच्च अधिकारियों ने नगर पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्री प्रतिक्षालय का ताला खोलकर सफाई कराई जाए तथा यात्रियों की सुविधा के अनुरूप व्यवस्था बनाई जाए। गोदाम में रखी गई सामग्री को जब्त करने के निर्देश दिए गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अन्य समस्याओं से भी अधिकारियों को अवगत कराया, जिस पर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। भाजपा कार्यकर्ता इस कार्रवाई को बड़ी सफलता के रूप में देख रहे हैं। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक देशमुख ने दी।

# नए सत्र में बच्चे जूझेंगे पुरानी समस्या से

## स्कूल भवन जर्जर, नहीं हो रही मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

एक पखवाड़े बाद नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो जाएगा। क्षेत्र के स्कूलों में पुरानी समस्या मुंह खोले खड़ी है। संड़ी में स्कूल संचालन की बड़ी समस्या बनी है। यहां के छात्र जर्जर भवन में अध्ययन करने मजबुर है। जानकारी अनुसार लगभग दो दशक पहले स्कूल भवन बनाया गया था जो अब जर्जर हो चुका है। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता तथा प्लास्टर गिरता रहता है। दीवारों में सीलन रहती है। शिक्षकों द्वारा पंचायत एवं विभाग को कई दफा जानकारी देकर मरम्मत एवं नया भवन की मांग किया जा चुका है किन्तु अब तक कोई पहल नहीं हुई है। शिक्षक प्यारेलाल साहू ने बताया कि बीते सत्र स्कूल की छत को त्रिपाल से ढक कर छात्रों को पढ़ाया गया है। सरपंच कैलाश वर्मा ने बताया कि शाला भवन की स्थिति से विभाग को कई दफा अवगत कराकर नया भवन की मांग किया जा चुका है।



**चकनार में भी भवन की समस्या**

प्राथमिक शाला चकनार का भवन भी जर्जर हो गया है। बरसात के समय जहां तहां से पानी टपकता रहता है। मलबा भी गिरने लगता है। छत की सरिया भी बाहर निकल गई है। कभी कभी पानी की वजह से छात्रों की पढ़ाई बाधित हो जाती है। भवन की मरम्मत एवं नया भवन की मांग किया जा रहा है। इसी प्रकार खैरबना, बेलगांव एवं बुन्देली स्कूल की स्थिति भी अच्छी नहीं है।

**किचन शेड की स्वीकृति नहीं**

जानकारी अनुसार इस स्कूल में जब से छात्रों के लिए मध्यान्ह भोजन योजना शुरू हुई है तब से किचन शेड की स्वीकृति नहीं मिली है। एक कक्ष में मध्यान्ह भोजन बनाया जाता है जो काफी जर्जर हो चुका है। बरसात के दिनों भोजन बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पानी टपकने से राशन एवं खाद्य सामग्री खराब हो जाती है।

### सारथी समाज ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** सूत सारथी समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश सारथी के नेतृत्व में शनिवार को समाज का शिष्ट मंडल विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंटकर सुचारू रूप से संपन्न चुनाव की जानकारी देते आशीर्वाद प्राप्त किया।

साथ ही समाज के भविष्य के बारे में विस्तृत चर्चा की। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समाज के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते समाज के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर समाज के नवनिर्वाचित महासचिव विक्रम सेंगर सहित ज्येष्ठ-श्रेष्ठ समाज सेवक, युवा, महिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभारी मंत्री से नगर विकास पर विस्तृत चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के नगर प्रवास के दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने मुलाकात कर नगर विकास के मुद्दों पर चर्चा की। पालिका अध्यक्ष ने मांग पत्र भी सौंपा। उन्होंने बस स्टैंड के जीर्णोद्धार की मांग करते हुए बताया कि बस स्टैंड काफी खराब हो चुका है, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महावीर तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग करते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण करने से यह पर्यटन की दृष्टि अधिक आकर्षक बन सकता है। उन्होंने नेहरू कॉलेज भवन के जीर्णोद्धार, पुराने अस्पताल भवन को नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग रखी।

**मंत्री ने दिया आश्वासन**

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नगरों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि डोंगरगढ़ के विकास के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसप्रीत सिंह बन्नोआना, सुनील जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेंद्र बन्नोआना, प्रकाश चौरड़िया, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, विनय बंसल, विनीत यादव, भागवत नामदेव, हरीश मोटघरे सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्रीधाम वृन्दावन में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन

# मानव की मानवता में होते हैं गोविंद: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्री वृन्दावन धाम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने अपने अलौकिक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। छुईखदान सहित आसपास क्षेत्रों के बड़ी संख्या में शिष्य एवं भक्त कथा श्रवण करने वृन्दावन पहुंचे हैं।

कथा के द्वितीय दिवस में आचार्य शास्त्री ने कहा कि मानव की मानवता में ही गोविंद का वास होता है। कथा के दौरान एक श्रोता ने बार-बार गोविंद के प्रत्यक्ष होने का प्रमाण मांगा जिस पर कथा वाचक ने अपनी घंटी से श्रोता के पैर पर हल्का प्रहार किया।

पीड़ा महसूस होने पर जब श्रोता ने प्रश्न किया तब आचार्य ने समझाया कि जिस प्रकार हम शरीर के भीतर होने वाली पीड़ा को देख नहीं सकते, केवल अनुभव कर सकते हैं, उसी प्रकार गोविंद को भी अनुभव किया जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन भर प्रभु के नाम का जाप करते हुए ईश्वर मिलन की आशा बनाए रखनी चाहिए।

**लोककल्याण कार्य में सक्रिय**

उल्लेखनीय है कि आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने रायपुर के समीप ग्राम सिलियारी को अपना निवास स्थान बनाया है। वह माता रानी की कृपा से चावल देखकर वर्तमान, भूत एवं भविष्य की सटीक जानकारी देते हैं। वह श्रीमदभागवत कथा से प्राप्त दक्षिणा एवं सामग्री को गरीब कन्याओं की शिक्षा एवं विवाह में दान कर देते हैं। बताया जाता है कि अब तक वह 500 से अधिक कन्याओं की मदद कर चुके हैं।



**आत्मकल्याण के लिए सत्संग जरूरी**

पुरुषोत्तम मास की महत्ता बताते हुए आचार्य जी ने सनातन तीर्थों की आध्यात्मिक शक्ति एवं उनके प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कथा श्रवण, सत्संग, दान, जप, पाठ और तीर्थाटन के महत्व को बताते हुए कहा कि जिस प्रकार सांसारिक जीवन में कर्म आवश्यक हैं, उसी प्रकार आत्मकल्याण के लिए साधु-संगत और सत्संग भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपनी क्षमता के अनुसार तीर्थाटन करने का आग्रह किया और कहा कि आज भी तीर्थस्थलों पर देवी-देवता एवं संत विभिन्न स्वरूपों में विचरण करते हैं, जिनके दर्शन मात्र से जीवन धन्य हो जाता है। कथा सुनने पहुंचे संजीव दुबे एवं श्रद्धा दुबे ने भी अपने मित्रो के साथ कथा प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर मित्रों का मन मोह लिया।

**जाप ही तपस्या**

आचार्य नरेन्द्र नयन शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म के मनीषियों, सिद्ध संतों और श्रीमद्भागवत पुराण के रचनाकारों ने कलियुग में नाम जाप को सबसे बड़ी तपस्या बताया है। उन्होंने श्रीमद्भागवत पुराण को भवसागर से पार लगाने वाला महान ग्रंथ बताते हुए कहा कि इसमें वेद, पुराण, उपनिषद, गीता, श्रुति एवं स्मृति का सार समाहित है। विशेष रूप से वृन्दावन और तीर्थराज नैमिषारण्य जैसे पावन स्थलों पर कथा श्रवण का प्रभाव मानव जीवन पर दिव्य एवं कल्याणकारी होता है। अपने प्रवचन में उन्होंने देवर्षि नारद की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिनके मुख से निरंतर नारायण-नारायण" का जाप होता है उनसे भूल संभव नहीं। वह तो भगवान की इच्छा के अनुसार ही लोककल्याण के कार्य करते हैं। आचार्य जी ने कहा कि सच्चा भक्त कभी किसी का अहित नहीं चाहता। वह दीन-दुखियों के दुःख में दुखी होता है और दूसरों की खुशी में आनंद अनुभव करता है। भक्त अपना सर्वस्व दान कर देने के बाद भी इस विश्वास में प्रसन्न रहता है कि सब कुछ चला जाए, पर गोविंद मेरे साथ हैं।

# हवन यज्ञ से मानव जीवन में ऊर्जा का संचार

**खुज्जी।** ग्राम परना में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं गायत्री परिवार के सदस्यों ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। यज्ञाचार्यों ने वैदिक मंत्रों के साथ पांच कुंडीय हवन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो वातावरण को शुद्ध करने के साथ-साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों को मजबूत बनाने के लिए इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में रामकुमार गुप्ता, पार्षद कोमल साहू, आदित्य श्रीश्रीमाल, जानी, सरपंच चरण भुआर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**वारदात:** पाण्डातराई थाना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा में मिला युवक का शव

# युवक की हत्या, शव के किए कई टुकड़े, बोरी में भरकर खेत में फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम जिले में एक बार फिर दिल दहला देने वाला सनसनीखेज हत्याकांड सामने आया है। एक युवक की न केवल हत्या की गई, बल्कि उसके शव के कई टुकड़े कर बोरी में भरकर खेत में फेंक दिया गया।

घटना जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम सोढ़ा की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार शाम ग्राम सोढ़ा के एक खेत में लोगों ने संदिग्ध अवस्था में पड़ी एक बोरी देखी। परिस्थितियों को देखते हुए ग्रामीणों को आशंका हुई कि बोरी में किसी का शव हो सकता है। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और बोरी को कब्जे में लेकर जांच की।

बोरी खोलते ही पुलिस के होश उड़ गए। उसमें एक युवक का क्षत-विक्षत शव कई टुकड़ों में भरा हुआ था। बाद में मृतक की पहचान बैहरसरी निवासी कोमल वर्मा के रूप में हुई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 28 मई से लापता था कोमल वर्मा



बताया जा रहा है कि बैहरसरी निवासी कोमल वर्मा 28 मई से लापता था। हालांकि उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी या नहीं, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। 30 मई को उसका शव ग्राम सोढ़ा के खेत में बरामद हुआ।

### आरोपी ने पोड़ी चौकी में किया आत्मसमर्पण

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी रामस्नेही पटेल ने शव बरामद होने के बाद पोड़ी पुलिस चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया है। हालांकि अब तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

# खरीफ सीजन मुहाने पर अंचल के किसान परेशान

## कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा किसान

- खाद की आस, मजदूरों व योजनाओं के बीच उलझती खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान



वर्षा ऋतु के ठीक सामने होने से अंचल में खरीफ फसल की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसान खेतों की सफाई और खाद-बीज की व्यवस्था में जुट चुके हैं, तो दूसरी तरफ सरकारी तंत्र भी सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से इन संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय दिखाई दे रहा है। हालांकि, इस बार की राह इतनी आसान नहीं दिखती।

पिछले कुछ वर्षों से लगातार बनी हुई रासायनिक खाद की किल्लत और इसके चलते बाजार में होने वाली बड़े पैमाने की कालाबाजारी ने किसानों को पहले ही आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ कर रखा है। ऊंचे दामों पर खाद खरीदने की मजबूरी से उपजा आक्रोश अक्सर शासन और प्रशासन के खिलाफ दिखाई देता रहा है।

इस साल यह चिंता और गंभीर हो गई है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव और खाड़ी देशों में जारी युद्ध के कारण कच्चे माल की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। यदि यह अंतरराष्ट्रीय संकट बरकरार रहा, तो खाद की किल्लत आने वाले दिनों में कृषि उत्पादन पर बेहद बुरा असर डाल सकती है। ऐसे में यह देखना बेहद अहम होगा कि सरकार वक्त रहते किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त खाद का प्रबंध कर पाती है या नहीं। ताकि किसान सुविधा पूर्ण ढंग से खेती किसानी कर सकें।

### बदली अर्थव्यवस्था से खेती प्रभावित

इस संकट के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने में आए बदलावों ने कृषि क्षेत्र के सामने एक नई और अजीब स्थिति पैदा कर दी है। एक तरफ सरकार द्वारा मिलने वाले मुफ्त चावल, महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता और मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से बिना भारी मेहनत के मिलने वाली मजदूरी ने एक बड़े वर्ग को प्रभावित किया है। ऐसे लोग जिनके पास नाममात्र की जमीन है या जो भूमिहीन हैं और पहले अधिया-बटाई या कृषि मजदूरी के सहारे खेती से जुड़े थे, अब उनका रुझान इस काम से काफी कम हो गया है। इसके विपरीत, जिन किसानों के पास खुद की कृषि भूमि है, वे धान पर मिलने वाले शानदार सरकारी समर्थन मूल्य के आकर्षण में अधिक से अधिक फसल लेने के लिए आतुर हैं। धान की खेती के प्रति यह बढ़ी हुई रुचि अब संसाधनों और मानव श्रम के अभाव के चक्रव्यूह में फंसती नजर आ रही है।

### नहीं मिल रहे अधियादार और मजदूर

नतीजतन, खेतों के मालिक आज एक अजीब बेबसी का सामना कर रहे हैं। वे धान का बंपर उत्पादन तो चाहते हैं, लेकिन समय पर खाद न मिलने की आशंका, बीजों के कारण फसल में लगने वाली बीमारियां और सबसे बढ़कर गांवों में अधियादारों तथा मजदूरों का न मिलना उनकी हताशा को बढ़ा रहा है। रोपाई, निराई और कटाई के ठीक ऐन वक्त पर जब खेतों में सबसे ज्यादा हाथों की जरूरत होती है, तब मजदूरों का टोटा किसानों को गहरे तनाव में डाल देता है। खेती के प्रति घटते लगाव और बढ़ते उत्पादन लक्ष्य के बीच फंसा ग्रामीण अंचल आज एक ऐसे मुहाने पर खड़ा है, जहां सरकारी मदद की नीतियां ही अनजाने में कृषि के पारंपरिक स्वरूप को प्रभावित कर रही हैं, और किसान हर तरफ से चुनौतियों से घिरा हुआ महसूस कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### योजना के तहत बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला

**कवर्धा।** अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना में पात्र श्रमिक परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला मिलेगा। नए शैक्षणिक सत्र से सीटों की संख्या बढ़ाकर 200 कर दी गई है। श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6 से 12वीं तक श्रेष्ठ आवासीय स्कूलों में निशुल्क शिक्षा प्राप्त होगी।

### रोके गए पुनर्मूल्यांकन परिणाम जारी किए गए

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विश्व विद्यालय ने सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 के विभिन्न कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषणा उपरांत परीक्षार्थियों द्वारा पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदित आवेदन के आधार पर रोके गए पुनर्मूल्यांकन (20 प्रतिशत) परिणाम वेबसाइट पर जारी किया है।

### युकां प्रत्याशियों की सूची की गई जारी

**कवर्धा।** अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की टीम ने जिले के युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए 6 प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। 18 कैंडिडेट्स की बेस्ट परफॉर्मर सूची में से जिले के इन 6 युवा नेताओं का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया और सह-प्रभारी मोनिका मंद्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चयनित प्रत्याशियों वर्मा, वाल्मीकि वर्मा, शितेश चंद्रवंशी, तेजस्वी चंद्रवंशी, राहुल सिन्हा तथा वीरेंद्र जांगड़े का नाम शामिल है। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस घोषणा से काफी उत्साह है। इनमें से एक को जल्द ही जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। युवा कांग्रेस के जिला संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावी तैयारियों में इन युवा नेताओं की भूमिका अहम मानी जा रही। स्थानीय स्तर पर इन सभी प्रत्याशियों की लोकप्रियता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए यह सूची काफी संतुलित मानी जा रही है।

# 15 पौवा शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

- सिंघनपुरी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 पौवा देशी शराब और नगदी रकम जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना सिंघनपुरी जंगल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुम्हारी खोलवा तिराहा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है।

इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चंद के निर्देशन में तत्काल एक पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस कार्रवाई के दौरान आरोपी मनीराम कोसले पिता बिसहत कोसले उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हारी थाना सिंघनपुरी जंगल जिला कबीरधाम को पकड़ा गया।

पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15 पौवा प्लेन देशी मदिरा शोले कंपनी की कुल 2.700 बल्क लीटर शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 1200 रुपए बताई गई है। साथ ही शराब बिक्री से प्राप्त 200 रुपये नगद भी जब्त किए गए। कुल जब्त सामग्री की कीमत 1400 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सिंघनपुरी जंगल में अपराध क्रमांक 18/2026 धारा 34(1) (ख) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

सिंघनपुरी पुलिस द्वारा आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# टीचर्स एसोसिएशन ने जुलाई में टेट परीक्षा कराने की रखी मांग

- जिले के 3750 शिक्षकों के लिए टेट आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 मई को दिए फैसले में पुनर्विचार याचिका को खारिज किए जाने के बाद प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात टेट पास करना अनिवार्य हो गया है।

अब शिक्षकों को सेवा सुरक्षा व पदोन्नति के लिए टेट परीक्षा पास करना होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में छग टीचर्स एसोसिएशन न छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव एवं लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर के संचालक को पत्र लिखकर आगामी जुलाई में विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति के अवसर एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार को ध्यान में रखते हुए विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के हित में औपचारिक विभागीय सीमित टेट परीक्षा का आयोजन शिक्षा विभाग का सकारात्मक सोच व सहृदयता होगा।

### टेट पास करने एक साल का समय बढ़ा

सुप्रीम कोर्ट ने विगत एक सितंबर 2025 को दिए निर्णय के अनुसार शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा पास करने का समय दो साल देते हुए अंतिम तिथि 31 अगस्त 2027 निर्धारित किया था। अब 29 मई 2026 को दिए फैसले में टेट पास करने की समय सीमा को एक साल बढ़ाते हुए 31 अगस्त 2028 तक तय किया है। साथ ही प्रदेश सरकार से साल में दो बार परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि शिक्षकों को पर्याप्त अवसर मिल सके।

### टेट परीक्षा के लिए दिए गए सुझाव

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि वर्तमान में शिक्षक पात्रता परीक्षा के प्रावधान सामान्य अभ्यर्थियों के लिए लागू हैं, परंतु विभाग में वर्षों से सेवारत अनुभवी शिक्षकों के लिए पृथक एवं सीमित विभागीय पात्रता परीक्षा की व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण अनेक शिक्षक पदोन्नति एवं सेवा सुरक्षा के लाभ से वंचित हो जाएंगे। इसी को दृष्टिगत रखते हुए एसोसिएशन ने टेट परीक्षा के संबंध में शासन को महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से कार्यरत शिक्षकों के लिए पृथक विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित किया जावे। परीक्षा का पाठ्यक्रम व्यावहारिक एवं सेवा-अनुभव आधारित हो, जिससे शिक्षक सहज रूप से उत्तीर्ण हो सकें। प्रश्नपत्र में कक्षा एक से पांच तथा कक्षा छः से आठ तक के पाठ्यक्रम, सामान्य शैक्षणिक समझ एवं अवधारणाओं पर आधारित प्रश्न शामिल हो। प्राथमिक टेट परीक्षा तथा मिडिल टेट परीक्षा में पर्याप्त दिनों का अंतराल रखा जावे। शिक्षक पात्रता परीक्षा ऑफलाइन ओएमआर आधारित हो। प्रश्नपत्र में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हो। परीक्षा अवधि तीन घंटे का निर्धारित हो। सेवाकालीन शिक्षक पात्रता परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 प्रतिशत निर्धारित हो।

### जिले के 3750 शिक्षकों के लिए टेट आवश्यक

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा अर्थात टेट की अनिवार्यता प्राथमिक व मिडिल स्कूल के शिक्षकों के लिए किया गया है। प्राथमिक व मिडिल स्कूल को मिलाकर जिले में कुल 3750 शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि टेट परीक्षा को लेकर शिक्षकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, वे परीक्षा की तैयारी में जुट जाएं। एसोसिएशन शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए सतत प्रयासरत है।

# राष्ट्रीय बेसबॉल में चमकी कवर्धा की चांदनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शहर के अभ्युदय स्कूल की छात्रा चांदनी साहू ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 24 से 29 मई 2026 तक आयोजित 31वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर बालिका बेसबॉल प्रतियोगिता में चांदनी ने छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलते हुए रजत पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित जिलेभर में हर्ष का माहौल है। चांदनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ टीम के लिए किया गया था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व उन्होंने बिलासपुर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेकर अपनी तैयारियों को और मजबूत किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान और केरल को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया। इसके बाद टीम ने दिल्ली को 8-3 तथा तेलंगाना को 9-3 से पराजित किया। सेमीफाइनल में मेजबान ओडिशा को 19-1 के बड़े अंतर से हराकर टीम फाइनल में पहुंची।

## वनांचल में जमकर हुई बेमौसम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

इन दिनो कवर्धा सहित समूचे अंचल और मिनी सिमला कहे जाने वाले जिले के चिल्फीघाटी तक पड़ रही भीषण गर्मी में के बीच शनिवार को अंचल का मौसम अचानक बदल गया।

बताया जाता है कि लगभग पूरे तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच शाम को अचानक मौसम बदल गया और देखते ही देखते तेज आंधी तूफान के बीच वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी सहित आसपास के ईलाकों में झमाझम बारिश हुई। इस बेमौसम बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिली वहीं मौसम भी सुहाना हो गया।

### झमाझम बारिश...



**कवर्धा।** जिले में बनते बिगड़ते मौसम के बीच शनिवार की शाम चिल्फीघाटी सहित अन्स इलाकों में झमाझम बारिश

**अनियमितता पर सख्ती, 2 खाद केंद्रों का लाइसेंस निलंबित, 31 को नोटिस जारी**

# जिले में 29 हजार मीट्रिक टन खाद का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में किसानों को खाद एवं बीज की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने शासन-प्रशासन द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिले में खाद-बीज का नियमित भंडारण, वितरण एवं निगरानी कार्य सतत रूप से जारी है।

उप संचालक कृषि, जिला कबीरधाम से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सहकारी क्षेत्र में अब तक कुल 29,186 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। इसमें यूरिया 15,584 मीट्रिक टन, डीएपी 2,995 मीट्रिक टन, एमओपी 1,765 मीट्रिक टन, एसएसपी 4,320 मीट्रिक टन तथा एनपीके 4,520 मीट्रिक टन शामिल है।

इसके अतिरिक्त डबल लॉक केन्द्रो में भी 2,720 मीट्रिक टन खाद सुरक्षित रूप से उपलब्ध है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अब तक 16,188 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। वहीं निजी क्षेत्र में 9,287 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसके विरुद्ध 6,522 मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है। प्रशासन द्वारा खाद वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी भी की जा रही है।



### जिले के 128 विक्रय केन्द्रो का किया गया निरीक्षण

इसी क्रम में गठित उडनदस्ता दल द्वारा जिले के 128 विक्रय केन्द्रो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 2 केन्द्रों का लाइसेंस निलंबित किया गया तथा 31 कृषि केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। सभी विक्रय केन्द्रों को निर्धारित मूल्य एवं उचित मात्रा में खाद विक्रय करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिले में 6,811 क्विंटल बीज वितरण के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 3,100 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है तथा किसानों द्वारा 350 क्विंटल बीज का उठाव भी किया गया है। कृषि विभाग द्वारा लगातार भंडारण एवं वितरण कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़नखुर्द में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरी कला के उत्कृष्ट प्रधान पाठक एवं वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा को उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासित कार्यशैली के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मेंद्र शर्मा को पेंशन अदायगी आदेश प्रदान करते हुए शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की आधारशिला होते हैं। उनके द्वारा दी गई शिक्षा और संस्कार ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने धर्मेंद्र शर्मा के दीर्घ शिक्षकीय जीवन की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। धर्मेंद्र शर्मा ने अपने लंबे सेवाकाल के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में शिक्षा प्राप्त करने वाले अनेक छात्र आज विभिन्न शासकीय एवं निजी संस्थानों में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं शिक्षकों ने धर्मेंद्र शर्मा के कार्यकाल को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को याद किया।

# उल्टी दस्त और पीलिया से बच्चे पीड़ित, जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के बसंतपुर क्षेत्र में उल्टी, दस्त और पीलिया से बच्चों के पीड़ित होने का मामला सामने आया है। लगभग सात-आठ की संख्या में पीड़ित बच्चों का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। वार्ड के पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि बीते लगभग सप्ताहभर से एक के बाद एक बच्चे बीमार हो रहे हैं। आज चार बच्चे एक साथ बीमार हुए हैं। तीन बच्चों को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

बसंतपुर क्षेत्र में बीते वर्ष भी दूषित पेयजल का मामला सामने आने से लोगों को समस्या हुई थी। कुछ बच्चे यहां पीलिया से पीड़ित भी हुए थे। वहीं इस वर्ष भी अब इस क्षेत्र में पीलिया पीड़ित सामने आ रहे हैं।

### जांच के लिए भेजी गई टीम

मामला सामने आने के बाद प्रभावित क्षेत्र में टीम भेजी गई है। फिलहाल 5 बच्चे पीड़ित हैं। जिनका उपचार जारी है।

-डॉ. नेतराम नवरत्न, सीएमएचओ

### पांच बच्चों का उपचार जारी

जिला अस्पताल में उल्टी, दस्त और पीलिया से पीड़ित बच्चों का उपचार किया जा रहा था, लेकिन आज एक साथ चार बच्चों के बीमार होने से स्वास्थ्य महकमें को जानकारी मिलते ही खलबली मच गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच टीम बनाकर प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है।

# सरकारी जमीन के साथ छोटे झाड़ के जंगल की भी कर दी रजिस्ट्री

चैतेन्द्र तिवारी ⏭ खैरागढ़

शहर में नजूल भूमि, एडवर्ड पार्क और छोटे झाड़ के जंगल से जुड़ी जमीनों की खरीद-फरोख्त का मामला अब खैरागढ़ के सबसे बड़े भूमि विवादों में शामिल होता दिखाई दे रहा है।

प्रशासनिक दस्तावेजों, संयुक्त जांच प्रतिवेदन और नजूल रिकॉर्ड में सामने आए तथ्यों ने पूरे मामले को नई गंभीरता दे दी है। अब यह मामला केवल अवैध प्लाटिंग तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि शासकीय अभिलेख, मेंटेनेंस खसरा, रजिस्ट्री प्रक्रिया और प्रशासनिक जवाबदेही पर भी बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है। मामले में सामने आए दस्तावेजों के अनुसार ब्लॉक नंबर 01 स्थित खसरा नंबर 114-115 कुल भूमि 1 लाख वर्गफीट से ऊपर की लगभग 85,627 वर्गफीट भूमि विभिन्न लोगों को बेचे जाने का उल्लेख जांच प्रतिवेदन में दर्ज है। यदि शहर के उस क्षेत्र में वर्तमान बाजार मूल्य औसतन 5 हजार रुपए प्रति वर्गफीट माना जाए, तो पूरी खरीद-फरोख्त का अनुमानित मूल्य 40 से 45 करोड़ रुपए तक पहुंचता दिखाई देता है। यही कारण है कि अब यह मामला सामान्य जमीन विवाद से निकलकर बड़े शासकीय भूमि घोटाले की तरह देखा जाने लगा है।

### एडवर्ड पार्क की जमीन भी बिक्री सूची में

संयुक्त जांच प्रतिवेदन और राजस्व रिकॉर्ड में प्लॉट नंबर 114 को एडवर्ड पार्क के रूप में दर्ज बताया गया है। वहीं कोर्ट के सामने गौरव पथ से लगे खसरा नंबर 169 और 170 कोटे झाड़ का जंगल और घास भूमि के रूप में उल्लेखित किए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके बावजूद दस्तावेजों में 2016 से लेकर 2025 तक विभिन्न लोगों को हजारों वर्गफीट भूमि विक्रय किए जाने का उल्लेख है। रिपोर्ट के अनुसार यह भूमि कुल 22 हिस्सों में विभाजित होकर अलग-अलग व्यक्तियों के नाम दर्ज हुई। कुछ मामलों में आगे पुनः विक्रय और निर्माण कार्य का भी उल्लेख सामने आया है। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, राजनांदगांव द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि संबंधित भूमि का कोई अभिन्यास स्वीकृत नहीं किया गया था। दस्तावेजों में यह भी कहा गया कि बिना अनुमति भूमि विभाजन किया गया, जो अवैध प्लाटिंग की श्रेणी में आता है।

### समीक्षा कर कदम उठाएंगे



मामले से संबंधित शिकायत और जांच प्रतिवेदन मुझे उपलब्ध कराइए। यदि जांच में अनियमितता सामने आई है, तो मैं यह जानकारी लूंगा कि अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। पूरे प्रकरण की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। - **टंक राम वर्मा,** राजस्व मंत्री, छग शासन

### रिकॉर्ड बना पूरे विवाद की जड़

जानकारों के अनुसार खैरागढ़ रियासत को प्रिंसली स्टेट का दर्जा तत्कालीन शासक राजा उमराव सिंह के समय प्राप्त हुआ था। रियासतकाल में मंदिर, तालाब, उद्यान, खेल मैदान, पार्क और अन्य सार्वजनिक उपयोग की कई भूमि शासकीय स्वरूप में दर्ज की जाती थी। हालांकि कई मामलों में मेंटेनेंस खसरों के स्वामित्व कॉलम में तत्कालीन राजपरिवार अथवा रूलिंग चीफ का नाम दर्ज रह जाता था इसी तर्ज में खसरा नंबर 114-115 में जमीन का प्रकार एडवर्ड पार्क और बाड़ी सहित स्वामित्व में राजा बहादुर वीरेंद्र बहादुर सिंह के नाम दर्ज था. 1974 में उन्होंने इसे अपने बड़े बेटे युवराज रवीन्द्र बहादुर सिंह की मंझली बेटी और अपनी अवयस्क नातिन स्मृति देवी के नाम कर दिया था। इसी व्यवस्था को लेकर अब विवाद गहराता जा रहा है। आरोप है कि मूल शासकीय अभिलेखों में सार्वजनिक उपयोग, छोटे झाड़ के जंगल और घास भूमि के रूप में दर्ज जमीनों को बाद में मेनटेनेंस खसरों के आधार पर स्वामित्व बताकर निजी संपत्ति की तरह प्रस्तुत कर खरीदी-बिक्री कर दी गई। लोगों का कहना है कि यदि भूमि का मूल स्वरूप पार्क के रूप में सार्वजनिक था, तो फिर सालो तक रजिस्ट्री और नामांतरण की प्रक्रिया कैसे चलती रही।

## किसानों को समय पर खाद बीज का वितरण करने के निर्देश

# कालाबाजारी: 27 खाद दुकानों को नोटिस, पांच का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने खरीफ सीजन में खेती-किसानी को ध्यान में रखते किसानों को समय पर खाद-बीज का वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। कालाबाजारी और अनियमितता की शिकायतों पर विभाग द्वारा लगातार छापामार कार्रवाई भी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष खरीफ में धान सहित दलहन-तिलहन फसलों में परंपरागत खाद के साथ वैकल्पिक खाद एवं नैनो यूरिया व डीएपी के उपयोग को बढ़ावा देने समितियों एवं निजी क्षेत्रों में खरीफ पूर्व तैयारी के दृष्टि से वर्ष हेतु 68690 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है। जिले में सहकारी एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में कुल 41509 मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है। जिसमें 17153 मीट्रिक टन यूरिया, 4088 मीट्रिक टन डीएपी, 10129 मीट्रिक टन एनपीके, 3382 मीट्रिक टन एमओपी एवं 6757 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद उपलब्ध है, जो गत् वर्ष इसी अवधि की तुलना से 34 प्रतिशत अधिक है।



### पांच का लाईसेंस निरस्त

निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर अब तक 28 विक्रय केन्द्रों को नोटिस, 7 विक्रय केन्द्रों में भंडारित उर्वरक मात्रा को जब्ती करते सील बंद की कार्रवाई की गई है। साथ ही 5 निजी विक्रय केन्द्रों के लाईसेंस का निलंबन भी किया गया है। कृषि विभाग द्वारा जिले में निरंतर विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और आगे भी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर केन्द्रों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में खाद का पर्याप्त भंडारण

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को लगातार खाद वितरण किया जा रहा है। जिले में 14972 किसानों को खाद प्रदाय किया जा चुका है। जिसमें 7193 मीट्रिक टन यूरिया, 1807 मीट्रिक टन डीएपी, 4669 मीट्रिक टन एनपीके, 1322 मीट्रिक टन एमओपी एवं 2214 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद किसानों को आगामी खरीफ फसलों हेतु वितरण किया जा चुका है तथा समितियों में 4568 मीट्रिक टन यूरिया, 1032 मीट्रिक टन डीएपी, 3082 मीट्रिक टन एनपीके, 1364 मीट्रिक टन एमओपी एवं 1350 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज प्राप्त हो सके, इस हेतु 13980 क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के विरूद्ध जिले में 6036 क्विंटल बीज, बीज निगम में उपलब्ध है। उर्वरकों के कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी आदि अनियमितताओं को रोकने जिला एवं विकासखंड स्तरीय उडनदस्ता टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा निरंतर उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

## सार समाचार

### जीवनदान सेवा संस्था ने सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार बढ़ रहे दुष्कर्म और हत्या के मामलों को लेकर आम जनता और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश है। बेटियों के साथ हो रही क्रूरता और जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने, कानून व्यवस्था को सख्त करने और अपराधियों को मृत्युदंड देने की मांग को लेकर जीवनदान सेवा संस्था ने मोर्चा खोल दिया है। संस्था ने पीड़ति परिवारों और ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, राज्यपाल, मुख्य सचिव, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जीवनदान सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी संस्था साल 2020 से बेटियों की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। संस्था के प्रयासों से पूर्व में राजनांदगांव जिला न्यायालय ने दो बलात्कारियों को फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन बिलासपुर हाईकोर्ट में एक अपराधी को आदिवासी अनुसूचित जनजाति का होने का हवाला देकर और दूसरे को रेयर ऑफ रेयरेस्ट (दुर्लभ से दुर्लभतम) की श्रेणी में नहीं मानते सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। संस्था का कहना है कि हमारी न्याय व्यवस्था से किसी न किसी तरह अपराधियों को मिलने वाली ऐसी रियायतों के कारण ही उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं और अपराध बढ़ रहे हैं।

# एसपी ने घुमका क्षेत्र का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** नगर पंचायत घुमका का 1 जून को आयोजित होने वाले निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एसपी अंकिता शर्मा ने घुमका क्षेत्र का निरीक्षण किया।

आगामी 1 जून को नगर पंचायत घुमका में आयोजित होने वाले निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज एसपी अंकिता शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के साथ घुमका क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न मतदान केन्द्रों एवं निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों की भौतिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बिंदुओं, पहुंच मार्गों, संचार व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था संबंधी आवश्यक पहलुओं का अवलोकन किया गया।

### आवश्यक दिशा निर्देश दिए

एसपी द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्वाचन अवधि के दौरान सतर्कता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता, प्रभावी पेट्रोलिंग, असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एसपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय पूर्व से सुनिश्चित किए जाए तथा आम नागरिकों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाए रखा जाए।

# सब्जी मंडी में मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राहगीरों को रोककर शराब के लिए पैसे मांगने व सब्जी मंडी में मारपीट करने वाले आरोपियों की पतासाजी कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी भुनेश्वर साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह नंदई चौक स्थित बृजेश गुप्ता के टाईल्स दुकान में कार्य करता है। 28 मई को शाम साढे 7 बजे दुकान का कूलर खराब होने पर अपने साथी रामविलास के साथ मोटर साइकिल से सामान लेने नंदई नाका गया था। वापस लौटते समय आदित्य एवं उसके अन्य साथियों द्वारा उन्हें रोककर जेब में रखे मोबाइल एवं पैसे छीनने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते शराब पीने के लिए पैसे की मांग की गई तथा नहीं देने पर हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 3(5), 126(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### शराब पीने पैसे की मांग

इसी क्रम में प्रार्थी रितेश भारती ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 29 मई को प्रातः लगभग साढे 4 बजे वह अपने साथी इरफान के साथ सब्जी मंडी गया हुआ था। मंडी परिसर में बैठे रहने के दौरान अंकुश उर्फ काली अपने साथी हिमांशु के साथ आया तथा शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगा। पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों द्वारा गाली-गलौज करते चाकू एवं डंडा से मारपीट की गई तथा मोटर साइकिल को क्षतिग्रस्त कर जान से खत्म करने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 3(5), 126(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों पर कार्रवाई

उक्त मामलों पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस के अनुसार आरोपी हिमांशु यादव 21 वर्ष, अंकुश राजपूत 19 वर्ष, उज्जवल रजक 20 वर्ष, आदित्य साहू उर्फ आदिल 19 वर्ष तथा 4 विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू एवं डंडा जब्त किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### मंडी परिसर में मारपीट

इसी प्रकार प्रार्थी मयंक सायम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 मई को सुबह लगभग 4 बजे गंज मंडी परिसर में खड़े रहने के दौरान हिमांशु यादव एवं अंकुश राजपूत द्वारा शराब पीने के लिए पैसों की मांग की गई तथा मना करने पर गाली-गलौज करते हाथ-मुक्का से मारपीट कर जान से खत्म करने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 119(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# योग धर्म से राष्ट्र धर्म समागम का आयोजन

**राजनांदगांव।** शहर में योग और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर पतंजलि विश्वविद्यालय एवं भारत स्वाभिमान और पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं योग धर्म से राष्ट्र धर्म समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्वामी बाबा रामदेव के शिष्य परमार्थ देव स्वामी शामिल हुए। शहर के सिंधु भवन लालबाग में आयोजित योग धर्म से राष्ट्र धर्म कार्यक्रम के दौरान स्वामी परमार्थ देव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते योग, संस्कार, स्वास्थ्य एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का भी सशक्त साधन है। उन्होंने योग के नियमित अभ्यास से भारतीय संस्कृति के संरक्षण तथा युवाओं को राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, जागरूक और संस्कारित समाज ही एक सशक्त राष्ट्र की आधारशिला होता है। सिंधु भवन में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित शिविर में स्वस्थ शरीर से स्वस्थ राष्ट्र का संदेश दिया गया। आयोजन के अवसर पर प्रेस कॉफ्रेंस करते योग गुरु परमार्थ देव ने गौ माता को राष्ट्र पशु घोषित करने की मांग को लेकर कहा कि गौ सुरक्षा हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि जो गाय नहीं पाल सकते हैं, उन्हें गौशाला में गाय को गोद लेकर दान करना चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में योग धर्म से राष्ट्र धर्म का संदेश देते स्वदेशी अपनाने की अपील की गई।

# सोयाबीन खली महंगी होने से पोल्ट्री उद्योग संकट में, उत्पादन में 25% कटौती का फैसला

- त्योहारी सीजन में मांग घटने और फीड लागत बढ़ने के बीच देशभर के पोल्ट्री संगठनों की संयुक्त बैठक में बड़ा निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के पोल्ट्री उद्योग ने बढ़ती उत्पादन लागत और सोयाबीन खली



की कीमतों में भारी उछाल के चलते उत्पादन में 25 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया है। यह फैसला हाल ही में आयोजित एक संयुक्त बैठक में लिया गया। जिसमें पोल्ट्री क्षेत्र की प्रमुख संस्थाओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता ऑल इंडिया पोल्ट्री ब्रीडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन बहादुर अली ने की।

बैठक में बताया गया कि पिछले एक महीने के दौरान सोयाबीन मील की कीमतों में 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। जिससे पोल्ट्री उद्योग गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। जुलाई से अक्टूबर के बीच सावन, नवरात्रि और दुर्गा पूजा जैसे पर्वों के दौरान चिकन की खपत सामान्यत 20 से 25 प्रतिशत तक घट जाती है। इसी को देखते हुए उद्योग ने तत्काल प्रभाव से पोल्ट्री उत्पादन में 25 प्रतिशत कमी करने का फैसला किया है।

स्टाक को कम करने की कोशिश उद्योग संगठनों ने बताया कि उत्पादन संतुलित रखने के लिए देशभर में पैरेंट ब्रीडर स्टॉक्स की कटाई (कुलिंग) शुरू कर दी गई है। वहीं ब्रीडर स्टॉक की बिक्री दर, जो पहले लगभग 140 रुपए थी, उसे घटाकर करीब 65 रुपए तक किया जा रहा है, ताकि अतिरिक्त स्टॉक को कम किया जा सके।

### जमाखोरी के कारण बढ़ी कीमतें

बैठक में यह भी आरोप लगाया गया कि सोयाबीन का उत्पादन देश की आवश्यकता से अधिक होने के बावजूद जमाखोरी के कारण कीमतें बढ़ रही हैं। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि कुछ जमाखोरों और स्टॉकिस्टों द्वारा कृत्रिम रूप से बाजार दरें बढ़ाई जा रही है। जिसकी शिकायत केंद्र सरकार से की जाएगी।

### आयात की मिले अनुमति

पोल्ट्री क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं ने सरकार से जीएम सोयाबीन मील के आयात की अनुमति देने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि इससे फीड की कीमतों को स्थिर रखने और पोल्ट्री उद्योग को राहत देने में मदद मिलेगी।

### पशुधन विभाग का कोई अधिकारी नहीं मिला

**राजनांदगांव।** प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित "सुशासन तिहार" में उस समय अव्यवस्था की स्थिति सामने आई, जब बेजुबान पशुओं की समस्याओं को लेकर पहुंचे कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री को वहां पशुधन विभाग का एक भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला। उन्होंने नाराजगी जताते कहा कि शासन जनता की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर आयोजित कर रहा है, लेकिन पशुपालकों और मूक पशुओं से जुड़े मामलों के लिए जिम्मेदार विभाग की अनुपस्थिति सरकार की गंभीर लापरवाही को दर्शाती है।

## निधन

### रामस्वरूप साहू



**राजनांदगांव।** ग्राम कोहलाटोला छुईखदान वाले रामस्वरूप साहू (60 वर्ष)का निधन शनिवार दोपहर 3.30 बजे हो गया। अंतिम यात्रा कल सुबह 9 बजे ग्राम कोहलाटोला उनके निवास से निकलेगी। वे श्रीमती सतीदेवी के पति, सतीश व सुनील के पिता, मनीष के चाचा व समाज के पूर्व केनद्रित अध्यक्ष, प्रमुख संरक्षक रामसुख साहू के भाई थे।

### प्यारीबाई वर्मा



**राजनांदगांव।** शहर के जनता कालोनी वार्ड नं. 31 निवासी श्रीमती प्यारीबाई वर्मा का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को लखोली नाका चौक मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में वार्ड के गणमान्य नागरिक, घर- परिवार व समाज के लोग उपस्थित थे। मुक्तिधाम में उन्हें शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

## कैट ने तकनीकी सुधार की रखी मांग

# पोर्टल में 50 फीसदी छूट का विकल्प नहीं मिलने से नए उद्योगों की स्थापना में बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक विकास नीति 2024–30 के अंतर्गत नए उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से घोषित भूमि डायवर्जन शुल्क छूट का लाभ ऑनलाइन प्रक्रिया में नहीं मिलने से एमएसएमई उद्यमियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) राजनांदगांव इकाई द्वारा नेशनल वाइस चेयरमैन अमर परवानी को पत्र प्रेषित कर आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया है।

पत्र में बताया गया है कि राज्य शासन की औद्योगिक नीति के तहत नए उद्योगों एवं विनिर्माण इकाइयों को औद्योगिक प्रयोजन हेतु कृषि भूमि के डायवर्जन पर लगभग 50 प्रतिशत तक शुल्क छूट प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य नए उद्योगों पर प्रारंभिक आर्थिक भार कम करना तथा राज्य में निवेश एवं रोजगार को बढ़ावा देना है।

### शासन स्तर पर तकनीकी सुधार की मांग

कैट राजनांदगांव ने इस विषय को गंभीर बताते संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर आवश्यक तकनीकी अपडेट करवाने की मांग की है, ताकि पात्र औद्योगिक इकाइयों को ऑनलाइन प्रक्रिया में भी भूमि डायवर्जन शुल्क छूट का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके। कैट के प्रदेश संरक्षक अनिल बरड़िया, जिला अध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, भावेश अग्रवाल, संजय लड्ढा, अमित खंडेलवाल, लक्ष्मण लोहिया, अशोक पांडे, सागर चितलांगिया, सूरज बुद्धदेव, आलोक बिंदल एवं प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि यदि शासन की औद्योगिक नीतियों का लाभ सरलता से उद्योगों तक पहुंचेगा तो राज्य में नए निवेश को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा स्थानीय स्तर पर औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

### ऑनलाइन पोर्टल में नहीं मिल रहा छूट का विकल्प

उद्यमियों ने बताया कि शासन द्वारा विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने ऑनलाइन व्यवस्था लागू की गई है, लेकिन वर्तमान में भूमि डायवर्जन पोर्टल में औद्योगिक छूट का विकल्प उपलब्ध नहीं है। इस कारण पात्र उद्योगों को भी पूर्ण शुल्क जमा करने की स्थिति बन रही है।

### नए उद्योगों पर बढ़ रहा आर्थिक भार

पत्र में कहा गया है कि इस तकनीकी कमी के कारण विशेष रूप से एमएसएमई एवं लघु उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को अतिरिक्त आर्थिक एवं प्रक्रियात्मक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उद्योगों को बढ़ावा देने की मंशा के बावजूद जमीनी स्तर पर नीति का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

# नाबालिग बालिका को साथ ले जाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने 17 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 मई को दोपहर 1.30 बजे उसकी नाबालिग लड़की उम्र 16 वर्ष 4 माह अपने घर ग्राम से बिना बताए निकली थी, जो घर वापस नहीं आई है। संदेह है कि नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगाकर कहीं ले गया है। रिपोर्ट पर थाना साल्हेवारा में धारा 137(2) भा.न्या.स. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

विवेचना के दौरान आरोपी राजबली को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी राजबली उर्फ राजेश बैगा 19 वर्ष निवासी परमा थाना जियावन जिला सिंगरौली मप्र के विरुद्ध अपराध साक्ष्य पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अपर सत्र न्यायालय खैरागढ़ में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।

### मप्र में मिली बालिका

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नाबालिग बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था। इस दौरान सूत्र सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर टीम केसीजी द्वारा नाबालिग बालिका को दीगर राज्य परमा जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश से राजबली बैगा के कब्जे से 27 मई को बरामद किया गया। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। नाबालिग बालिका को दिनांक घटना समय को आरोपी राजबली बैगा द्वारा शादी करने का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर मामले में धारा 96, 64(2)(ड) बीएनएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट 2012 जोड़ी गई।

## मौसम में हुए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से मिली राहत

# तेज गर्मी और उमस के बाद आंधी तूफान ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को सुबह से ही तेज गर्मी और उमस का असर देखने को मिला। वहीं दिनभर चिलचिलाती धूप और उमस भरे मौसम के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। दिनभर गर्मी और उमस से बेहाल रहने के बाद शाम होते ही लगभग साढ़े 6 सात बजे के आसपास मौसम ने अचानक करवट ली। वहीं तेज आंधी-तूफान शुरू होने से सड़क पर चल रहे राहगीरों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

साथ ही साथ कई स्थानों पर धूल भरी आंधी चलने से दृश्यता कम हो गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। क्षेत्रों में भी आंधी का असर देखने को मिला। कई जगह पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा।

हालांकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। मौसम में अचानक हुए इस बदलाव से लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन तेज आंधी और घंटों बिजली बंद रहने से आमजन परेशान रहे। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना जताई है, जिसके चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी।

### आंधी-तूफान के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही



आंधी-तूफान के चलते कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति बंद किए जाने के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घंटों तक बिजली गुल रही। बिजली बंद होने से लोगों को गर्मी और उमस के बीच अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद रहने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गईं।

### तेज आंधी तूफान से नागरिको में बेचैनी

मौसम में हुई शनिवार की शाम अचानक परिवर्तन से लोगों ने भीषण गर्मी और उमस से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन तेज आंधी तूफान से आम नागरिकों में बेचैनी का माहौल भी पैदा किया।

# 18 घंटे में मिला केसीसी, ग्रामीण किसान के चेहरे पर लौटी मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा



बैंकिंग सेवाओं में नियमों के साथ मानवीय संवेदनाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती हैं। इसका एक उदाहरण ग्राम खपरी निवासी 61 वर्षीय बुजुर्ग किसान नंदकुमार चंद्रवंशी के मामले में सामने आया है।

दो माह तक विभिन्न औपचारिकताओं और बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद किसान को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) नहीं मिल पाया, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पिपरिया शाखा ने महज 18 घंटे में केसीसी स्वीकृत कर दो लाख रुपए का ऋण उपलब्ध करा दिया।

पीड़ित किसान नंदकुमार चंद्रवंशी ने बताया कि वे पिछले दो माह से केसीसी बनवाने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा के चक्कर लगा रहे थे। इस दौरान दस्तावेज तैयार कराने, एफिडेविट, वकील शुल्क, नक्शा, खसरा, बी.1, पैन कार्ड, खाता खुलवाने और बैंक आने-जाने में उनके लगभग 8200 रुपए खर्च हो गए। इसके बावजूद अंत में उन्हें आरबीआई के नियमों और दिशा-निर्देशों का हवाला देकर केसीसी जारी करने से मना कर दिया गया। खरीफ सीजन की तैयारी के समय ऋण नहीं मिलने से किसान काफी परेशान और निराश हो गया था। इसी बीच 29 मई की शाम वह अपनी समस्या लेकर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की पिपरिया शाखा पहुंचा। वहां शाखा प्रबंधक राजकुमार कोरी ने किसान की पूरी बात सुनी और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। शाखा प्रबंधक ने किसान को अगले दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ आने को कहा। दस्तावेज पूर्ण पाए जाने पर बैंक ने मात्र 18 घंटे के भीतर किसान का केसीसी स्वीकृत कर दो लाख रुपए का ऋण भुगतान कर दिया। बैंक की त्वरित कार्यवाही से किसान को खरीफ सीजन की तैयारियों के लिए समय पर आर्थिक सहायता मिल गई।

### आरबीआई की गाइडलाइन, 14 के भीतर केसीसी जारी

शाखा प्रबंधक राजकुमार कोरी ने बताया कि बैंक आफ बड़ौदा शाखा बिरकोना के प्रबंधक द्वारा एक बुजुर्ग किसान को 20 बार बैंक बुलवाकर और 8200 रुपए खर्च कराने के बाद केसीसी बनाने से मना कर दिया, जबकि किसान का दस्तावेजी रिकॉर्ड पहले से पूर्ण था। आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध होने पर 14 दिन के भीतर केसीसी जारी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य किसानों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। किसान नंदकुमार चंद्रवंशी ने बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां उन्हें लंबे समय तक भटकना पड़ा, वहीं ग्रामीण बैंक ने उनकी परेशानी को समझते हुए त्वरित सहायता प्रदान की।

# ट्यूबवेल से केबल चोरी किसानों की बढ़ी चिंता

- चोरी की घटनाओं से किसानों को आर्थिक नुकसान।

हरिभूमि न्यूज ⏩कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, मोहतरा कला और कंझेटा क्षेत्र में ट्यूबवेल से केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे किसानों में चिंता और नाराजगी का माहौल है।

ग्रामीण किसानों जिसमें माखन चंद्रवंशी, कोमल चंद्रवंशी, बद्री चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, बलदेव चंद्रवंशी तथा केदार साहू ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 10:15 बजे अज्ञात चोरों द्वारा उनके ट्यूबवेल का केबल चोरी कर लिया गया।

दिनदहाड़े हुई इस घटना ने क्षेत्र के किसानों को हैरान कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से खेतों में लगे ट्यूबवेल, मोटर पंप और अन्य कृषि उपकरण चोरों के निशाने पर हैं। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वर्तमान में गन्ने की सिंचाई का महत्वपूर्ण समय चल रहा है और खेतों में ट्यूबवेल लगातार संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे समय में केबल चोरी हो जाने से सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे फसलों पर भी विपरीत असर पड़ने की आशंका है।

किसानों का आरोप है कि ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब चोर दिन के समय भी बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इससे खेतों की सुरक्षा को लेकर किसानों की चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

### पुलिस से जांच कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग

क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच कर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने और खेतों की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करने की मांग की गई है, ताकि किसानों को राहत मिल सके और उनकी मेहनत की कमाई सुरक्षित रह सके।

# पांच खिलाड़ियों ने बेसबॉल सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक जीते



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

एमुचर बेसबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 31वी राष्ट्रीय सब जूनियर बेसबॉल बालक-बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन ओडिशा के भुनेश्वर जिले में 24 से 29 मई तक आयोजित हुआ, जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम से नगर के प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से बालक वर्ग में चंद्रेश कोर्राम, पंकज मेरावी, शुभम सेन बालिका वर्ग में चांदनी साहू, जयश्री घृतलहरे कुल 05 खिलाड़ियों का चयन हुआ था।

वही छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने स्वर्ण पदक लगाया तो बालिका टीम ने रजत पदक लगाकर प्रदेश का नाम रौशन किया। अकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी ने बताया कि इन खिलाड़ियों का चयन बिलासपुर में 13 अप्रैल को आयोजित हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिए थे जिसके आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था साथ ही इनका प्रशिक्षण शिविर बिसालपुर में 17 से 22 मई तक आयोजित किया था, छत्तीसगढ़ बालक टीम ने लीग मैच में मध्यप्रदेश और कर्नाटका को हराकर पुल टॉपर बने जिसके बाद प्री-नॉकआउट मैच तेलंगाना को 9-3 के स्कोर से हराकर क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जहां उनका सामना राजस्थान के साथ हुआ।

जिनको 15-02 के स्कोर से पराजय करके छत्तीसगढ़ की बालक टीम सेमीफाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जिसमें उनका सामना दिल्ली के साथ हुआ 5 इनिंग के इस मुकाबले में यह मैच बहुत ही रोमांच भरा रहा चौथे इनिंग तक दिल्ली का स्कोर 6 रन बन चुका था और छत्तीसगढ़ का सिर्फ 4 रन ही बना था।

जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम ने पांचवे इनिंग में वापसी करते हुए अपने शानदार हीटिंग से 3 रन बनाए और दिल्ली को शून्य पर आउट करके यह मुकाबला अपने नाम किये और ग्रैंड फाइनल में जगह बनाए जहां उनका सामना मजबूत टीम महाराष्ट्र के साथ हुआ जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने शानदार हीटिंग से 6 रन बनाए और शानदार पिचिंग एवं फील्डिंग के मदद से महाराष्ट्र को 2 रन पर ही रोक के रखे रहे और यह मुकाबला जीतकर इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का चैंपियन बने वही एकेडमी के खिलाड़ी चंद्रेश कोर्राम ने फाइनल मुकाबले में शानदार होम रन मारकर टीम को बढ़ात दिलाने में अपना अहम योगदान दिए।

साथ ही चंद्रेश ने इस टूर्नामेंट में कुल 3 होमरन मारे इसके अलावा शानदार कैचिंग का भी प्रदर्शन किए वही पंकज मेरावी और शुभम सेन ने भी टीम को जिताने में सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभाये वही छत्तीसगढ़ के कोच के भूमिका में अख़्तर खान,लखन देवांगन,भूपेंद्र गढ़े ने भी पदक लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

### छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने जीते रजत पदक

बालिका टीम ने लीग मैच में राजस्थान और केरल के साथ ड्रा खेल के पुल रनर बने उसके बाद उनका सामना प्री नॉकआउट मैच में दिल्ली के साथ हुआ जिसे 8-3 के स्कोर से हराकर क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जहां उनका सामना तेलंगाना के साथ हुआ जिसमे 9-3 के स्कोर से हराकर सेमीफाइनल मुकाबले में जगह बनाए जिसमें मेजबान टीम ओडिशा के साथ छत्तीसगढ़ टीम का सामना हुआ पांच इनिंग की मैच में छत्तीसगढ़ की बेटियों ने अपने शानदार हीटिंग से 19 रन बनाए और ओडिशा को अपने अच्छे पिचिंग एवं फील्डिंग के मदद से मात्र 1 रन में ही रोक कर रखे रहे और इस एक मुकाबले को एकतरफा जीतकर ग्रैंड फाइनल मुकाबले में प्रवेश किए जहां छत्तीसगढ़ की बालिका टीम का सामना मजबूत टीम महाराष्ट्र के साथ हुआ इस फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को हार का सामना करना पड़ा और उपविजेता खिलाड़ी चांदनी साहू व जयश्री घृतलहरे ने टीम को पदक लगाने में अहम भूमिका निभाएं।

# बरसात से पहले सड़क निर्माण कार्य की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम भटरूसे-पथरी-कंझेटी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार लगभग एक माह पूर्व सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया था और कुछ दिनों तक काम भी चला, लेकिन पिछले 15 दिनों से निर्माण कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे तथा गांव की बस्ती के अंदर साइड सोल्डर के लिए पीली मिट्टी डाली गई है। गांव के भीतर कई स्थानों पर मिट्टी बिछाने के बाद कार्य रोक दिया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को आशंका है कि यदि 15 जून से पहले सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ तो बरसात के दौरान आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश होने पर भी पीली मिट्टी कीचड़ में बदल जाएगी, जिससे लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाएगा। सड़क के कुछ हिस्सों में सीसी रोड और कुछ हिस्सों में डामर सड़क का निर्माण होना है, लेकिन काम की धीमी गति के कारण लोगों की परेशानी बढ़ रही है। यह सड़क भले ही लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी है, लेकिन क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस सड़क से प्रतिदिन ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों और राहगीरों का आवागमन लगा रहता है।



### बरसात से पहले निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएं

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और इसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्य पूरा नहीं हुआ तो यह सड़क ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बन जाएगी तथा पूरे वर्ष आवागमन प्रभावित हो सकता है।

## मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना बनी वरदान

कवर्धा। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 कबीरधाम जिले के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के अंतर्गत जिले में बिजली बिलों के बोझ से दबे नागरिकों एवं किसानों को राहत देने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के माध्यम से राजनांदगांव क्षेत्र के चार जिलों के लगभग 50 हजार 5 सौ से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जा चुका है। इसमें सक्रिय और निष्क्रिय दोनों प्रकार के बीपीएल, घरेलू और कृषक श्रेणी के उपभोक्ता शामिल हैं। विभाग द्वारा अब तक मूल बकाया राशि और अधिभार (सरचार्ज) में कुल 15 करोड़ 22 हजार रुपए की भारी छूट प्रदान की गई है। समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य बीपीएल, निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं और कृषि श्रेणी के उपभोक्ताओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I. Parmeshwar Patel S/o Man Singh Patel R/o-H No, Chhata, Chhata, PO: Kawardha DIST: Kawardha, Chhattisgarh-491995 have change the name of my minor daughterPunam aged 12 Years and she shall hereafter be known as Purnima Patel. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Parmeshwar Patel
[Signature of Guardian]

**NAME CHANGE**

I,hitherto known as Kaishilya Devi Markam D/o Janak Ram Markam R/o h no 658, gram baijalpur, Baijalpur, PO: Baijalpur, DIST: Kabeerdham, Chhattisgarh- 491995 have changed my name and shall hereafter be known as Anusuiya. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Kaishilya Devi Markam
Signature(in existing Old Name)

### किसानों की मांग पेट्रोल पंप संचालकों को प्रशासन दे निर्देश

# किसानों को नहीं मिल रहा जेरिकेन में डीजल



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर चल रहे विवाद व युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल की आवक पहले की तुलना में कम हुई है। ईरान-अमेरिका इजराइल के बीच शुरू हुए युद्ध की परिणिती है कि भारत में भी इसकी समस्या होने लगी है। हांलाकि अभी युद्धविराम है, तब भी हालात नहीं सुधर रहे है। जिसका असर अब खेती किसानी पर भी दिखने लगा है। प्रशासन ने कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से निर्देश जारी किए है कि पेट्रोल पंप संचालक जेरिकेन या डिब्बे में पेट्रोल-डीजल ना दें।

यहां तक की पानी के बॉटल में भी नहीं दिया जा रहा है, जो अपने स्तर पर ठीक, इससे किसी को परेशानी नहीं है, लेकिन इन नियमों से किसानों को छूट देने की मांग की जा रही है। किसानों के लिए अभी खेती किसानी का दौर शुरू हो रहा है। किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गए। खेत जुताई के लिए ट्रैक्टर में डीजल की जरूरत है, अगर किसान ग्रामीण क्षेत्र से लंबी दूरी तय कर डीजल लेने के लिए शहर आते है, तो उन्हें अतिरिक्त बोझ पड़ता है। चार-पांच सौ से ज्यादा का डीजल केवल पंप तक पहुंचने के लिए खर्च करना पड़ता है, जो सीधे-सीधे नुकसान है।

### किसानों को मिलनी चाहिए डीजल में छूट

भारतीय किसान संघ की ओर से मांग की गई है कि किसानों को कम से कम इससे छूट मिलनी चाहिए। ताकि जो सही में खेती किसानी करते हैं, उनका आधार कार्ड या जमीन की जानकारी ले लें, लेकिन डीजल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। कुछ दिनों में बारिश शुरू हो जाएगी, फिर खेती किसानी जोर पकड़ने लगेगा, उस समय किसान और ज्यादा परेशान होंगे। ऐसे में शासन-प्रशासन को इस दिशा में चिंता करनी चाहिए।

# पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने पिलाई शरबत

- भीषण गर्मी में राहगीरों को सेवा भाव से शरबत वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा



पूर्व सैनिक कल्याण संघ कबीरधाम के 4 वर्ष पूरे होने पर संगठन के द्वारा अटल परिसर रमन मेडिकल के पास भीषण गर्मी से राहगीरों को सेवा भाव से शरबत का वितरण किया गया। सदस्यों ने बताया कि संस्था के स्थापना दिवस पर सेवा कार्य करते हुए एक हजार लीटर स्टाल लगाकर शरबत विवरण का कार्य कर रहे है संस्था द्वारा समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाकर कवर्धा को स्वच्छ बनाने व शासन प्रशासन के साथ मिलकर जरूरतमंदों का मदद करती है।

अग्निवीर भर्ती से लेकर स्कूलों में राष्ट्रीयता के भावना जगाने का सभी सेवा कार्य निरंतर चल रहे है। शरबत वितरण के कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष पूर्व सैनिक कृष्णा सिंह धुर्वे , प्रदीप आस्था, दिनेश साहू, दिनेश चंद्रवंशी, जितेन्द्र कुमार राजपूत, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राघो राम चंद्रवंशी, अब्दुल सईद खान, के साथ सिविल पर्सन जो सेवा में सहयोग प्रदान किए। साथ ही साथ ओंकार साहू शिक्षक (निजसहायक उपमुख्यमंत्री ) पिंटू मेडिकल स्टोर, शेखर राजपूत, अजय ऑटो पार्ट्स पिपरिया, मंटू साहू, रूपेश चंद्रवंशी, श्वेता रेडीमेट क्लॉथ स्टोर रबेली, गुरबक्श चंद्रवंशी छांटा, चंद्रिका चंद्रवंशी बिरकोना सहित संस्था के सभी पूर्व सैनिक सदस्य उपस्थित थें।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130